कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


# अकादमिक वर्ष : 2014–15


समिति : मिनीमाता समिति संयोजक : डॉ. डी. सी. अग्रवाल
कार्यक्रम : सात दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन
वक्ता : श्री गुलाम हैदर
प्रतिभागी संख्या : 25 आयोजन तिथि : 05.10.2014–12.10.2014
उद्देश्य : छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा संचालित 'मिनी माता उत्थान समिति' के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। एक महत्वपूर्ण योजना–बालिका समृद्धि के तहत् छात्राओं के व्यक्तित्व विकास संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा एक सात दिवसीय नाट्य कार्यषाला का आयोजन किया गया। कार्यषाला में छात्राओं को प्रशिक्षण देने हेतु भिलाई शहर के प्रसिद्ध रंग निर्देशक "मुट्ठी नाट्य संस्था" के संचालक श्री गुलाम हैदर को आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को संवाद–संप्रेषण, भाव–प्रदर्शन सिखाया गया। इसी तारतम्य में छात्राओं द्वारा "आधी आबादी का पूरा सच" नामक नाठक तैयार किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान तैयार किए गए इस नाठक का मंचन इप्टा संस्था क्षरा आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन नाट्य स्पर्धा में किया गया। इस प्रतियोगिता में नाटक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ एवं नेहा साहू–सर्वश्रेष्ठ अभिनंत्री क्षितीय एवं चित्रिका सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री तृतीय रही। भाग लेने वाली छात्राओं के नाम –

1. अर्चना ध्रुव – एम. कॉमकृप्रथम
2. करिश्मा परवीन – बी. ए. अंतिम
3. चित्रिका मानिकपुरी – बी. ए. अंतिम
4. प्रीति सोनवानी – बी. ए. अंतिम
5. इंद्राणी साहू – बी. ए. अंतिम
6. नेहा साहू – बी. ए. द्वितीय
7. ममता निषाद – बी. ए. द्वितीय
8. श्रुति पाण्डे – बी. ए. द्वितीय




Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

# अकादमिक वर्ष : 2014–15

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| समिति | : | मिनीमाता समिति | संयोजक | : | डॉ. डी. सी. अग्रवाल |
| कार्यक्रम | : | युवावस्था एवं तनाव पर व्याख्यान का आयोजन | | | |
| वक्ता | : | डॉ. शाहीन गनी | | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 70 | आयोजन तिथि | : | |
| उद्देश्य | : | छात्राओं को युवावस्था में तनाव से दूर रहने के उपाय बताना। | | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

मिनीमाता बालिका उत्थान समिति की ओर से युवावस्था एवं तनाव पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. शाहीन गनी, प्राध्यापक मनोविज्ञान, शास. व्ही. वाय. टी. स्वशासी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग उपस्थित थीं। मुख्य वक्ता का स्वागत डॉ. के. एल. राठी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कारकून एवं समिति के संयोजक डॉ. डी. सी. अग्रवाल उपस्थित थे। प्रमुख वक्ता ने अपने व्याख्यान में कहा कि युवावस्था बहुत सी जिम्मेदारियों से भरी होती है, उन्हें सामाजिक सहभागिता एवं गतिशीलता निभानी पड़ती है। उनमें सहनशीलता एवं वांछनीयता होना आवश्यक है। शिक्षा एवं लक्ष्य का चुनौती युवा वर्ग पर होती है। वर्तमान समय में मूल्यों में परिवर्तन आया है। इन सभी का सामना शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत एवं सशक्त होकर करना होगा। अपने अंदर के संकोच, कुंठा एवं हीनता का त्याग करना होगा। इस अवसर पर तृप्तिबाला अनुरागी, पूजा सोढ़ी, हीना गोदवानी समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। इस प्रभावशाली व्याख्यान में छात्राओं ने अपनी शंकाओं का समाधान एवं अपना मत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन समिति सचिव डॉ. ऋतु दुबे ने किया।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College ★ Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2014–15

समिति : आई.क्यू.ए.सी. संयोजक : डॉ. रेशमा लाकेश
कार्यक्रम : यातायात सप्ताह का आयोजन
वक्ता : श्री दिनकर जी
प्रतिभागी संख्या : 125 आयोजन तिथि : 16.01.2015
उद्देश्य : यातायात के नियमों की सम्पूर्ण जानकारी देना

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शास. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की वुमेन सेल ईकाई एवं ट्रैफिक विभाग दुर्ग के सौजन्य से महाविद्यालय में यातायात सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसीसी जामुल समूह द्वारा एक लघु नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया जिसमें वाहन चालन लापरवाही पर व्यंग किया गया। ट्रफिक विभाग से पधारे श्री जी. दिनकर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को सड़क में वाहन चालन के नियम ज्ञात होने चाहिए। उन्होंने कई वास्तविक दुर्घटनाओं को बताया। एक छोटी सी दुर्घटना पूरे परिवार को परेशानी में डाल देती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कारकून सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित थे।




Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)


PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College. Durg

# अकादमिक वर्ष : 2014–15

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समिति | : | आई.क्यू.ए.सी. | संयोजक : | डॉ. रेशमा लाकेश |
| कार्यक्रम | : | विधिक सहायता शिविर का आयोजन | | |
| वक्ता | : | श्रीमती संजना रात्रे, श्रीमती उर्मिला गुप्ता एवं राधिका जैन | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 100 | आयोजन तिथि : | 17.01.2015 |
| उद्देश्य | : | विधिक प्राधिकरणों के कार्यों की सम्पूर्ण जानकारी देना | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 07.01.2015 को विधिक साक्षरता षिविर का आयोजन किया गया। माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा तैयार किए गए राष्ट्रीय प्लान ऑफ एक्षन के तहत उक्त षिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर श्रीमती संजया रात्रे सचिव–जिला विधिक न्यायालय दुर्ग, श्रीमती उर्मिला गुप्ता व्यवहार न्यायाधिश वर्ग एक, राधिका सैनी व्यवहार न्यायालय वर्ग एक, श्री डमरू दीवान व्यवहार न्यायालय वर्ग एक एवं श्री जियाउद्दीन खान यातायात आरक्षक ने संबोधित किया। सर्वप्रथम श्रमती संजया रात्रे ने अपने विधिक प्राधिकरण के सम्पूर्ण कार्यो की जानकारी दी। प्रमुख वक्ता श्रीमती उर्मिला गुप्ता जो कि मुख्यतः महिलाओं से संबंधित षिकायतों का निवारण करती हैं ने कुछ घटनाओं के माध्यम से समाज में हो रही बुरी बातों को बताया। आज की उच्च तकनीकी भी कभी–कभी बुरी परिस्थितियों में डाल देती है। अपने माता–पिता को हर बात खुल कर कहें। श्रीमती रधिका सैनी ने कहा कि कई बार जो सही मायने में पिड़ित हैं, वो कानून तक नहीं पहुंच पाते, उन्हें सहायता पहुंचाना आवष्यक है। श्री डमरू चौहान ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि यदि हमें सामान्य कानून की जानकारी है तो निष्चित तौर पर कई परेषानियों से बच जाएंगे। महिलायों की समस्याओं का निराकरण महिला अधिकारियों क्षरा ही किया जाता है। श्री जियाउद्दीन ने आत्मरक्षा संबंधी दांवपेंच का प्रयोग करके बताया।



Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College
Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2015–16

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| समिति | : | वाणिज्य विभाग | संयोजक | : | डॉ. के. एल. राठी |
| कार्यक्रम | : | "Real Life Learnin" पर व्याख्यान का आयोजन | | | |
| वक्ता | : | श्री संजय आष्टीकर | | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 70 | आयोजन तिथि | : | 27.10.2015 |
| उद्देश्य | : | एम. बी. ए. की विषेषताओं से परिचय कराना | | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शास. डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 27.10.2015 को "Real Life Learning, Real World Application" पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता श्री संजय आष्टीकर ने छात्राओं को शिक्षा को व्यवहारिक करने के गुण सिखाए।

IBS (Indian Business School) द्वारा आयोजित व्याख्यान में छात्राओं को एम. बी. ए. की विशेषता बताई गई कि कैसे वे अच्छे एम. एम कॉलेज का चयन करें और अचने भविष्य को निखारें।

अतिथि ने छात्राओं को समूह चर्चा (Group Discussion) और साक्षात्कार (Personal Interview) के गुण सिखाए एवं बताए कि छात्राएं किस प्रकार प्रतियोगी परीक्षा के मुख्य अंग साक्षात्कार के लिए बपने आप को तैयार कर जीत का परचम लहरा सकते हैं।

छात्राओं को व्याख्यान बहुत प्रभावी लगा उन्होंने अतिथि से प्रश्न किए और अपनी शंकाओं (Doubts) का समाधान किया।

इस कार्यकम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. के. एल. रीठी ने की एवं सहायक प्राध्यापक पूजा सोढ़ा और हीना गोदवानी भी उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कारकून ने विभाग के प्रयासों की सराहना की।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2016–17

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| समिति | : | हिन्दी विभाग | संयोजक | : | डॉ. यशेश्वरी ध्रुव |
| कार्यक्रम | : | युवा नीति पर विचार मंथन | | | |
| वक्ता | : | सरिता मिश्रा, श्वेता बक्शी | | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 60 | आयोजन तिथि | : | 28.09.2016 |
| उद्देश्य | : | युवाओं को एक सषक्त, स्वस्थ, सजग नागरिक बनाना | | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में मानव संसाधन विकास मंत्रालय निर्देशानुसार ''वित्तीय साक्षरता अभियान (विसाका) के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापकों की एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारीगण शामिल हुए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विसाका के अन्तर्गत 12 जनवरी तक युवा वालिंटियर्स का पंजीयन भारत सरकार की वेबसाईट में कराया जावेगा। दिसंबर माह में उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत लगभग 50,000 युवा वालिंटियर्स के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है।

डॉ. तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा समीपस्थ गोद ग्राम महमरा को केशलेस बनाने का प्रयास किया जावेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना तथा महाविद्यालय की छात्राओं के वालिंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जावेगा और वे 10–10 परिवारों को केशलेस भुगतान के बारे में प्रशिक्षित करेंगे।

भारतीय स्टेट बैंक के डिविजनल सेल्स मैनेजर अविनाश मिश्रा ने बताया कि भारत में साक्षरता का प्रतिशत बढ़ा है, किंतु वित्तीय साक्षरता के लिए हमें जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होनें कहा कि डिजीटल भुगतान के माध्यम से उपभोक्ता का फोन ही उनका बैंक और वॉलेट बन जाता है। तत्काल अंतरण के लिए भी कई विकल्प मौजूद है।

स्टेट बैंक के डी. जी. साहू ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कैशलेस प्रणाली की सविस्तार चर्चा की तथा ऑनलाईन प्रशिक्षण भी दिया। श्री साहू ने बताया कि फोन के माध्यम से डिजीटल भुगतान कर सकते हैं, कैश ट्रांसफर किया जा सकता है। खरीददारी, ट्रेन का रिर्जेवेशन, फोन रिचार्ज तथा अनेक बिलों का भुगतान किया जा सकता है।

भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी श्री नीरज श्रीवास्तव ने बैंक द्वारा महिलाओं के लिए प्रारंभ की जा रही नयी योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा विस्तार से चर्चा की।

आई.क्यू.एस.सी. की संयोजक डॉ. अमिता सहगल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल एवं डॉ. मीरा गुप्ता ने भी कार्यशाला में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. के. एल. राठी ने किया।

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2016–17

समिति : आई.क्यू.ए.सी. संयोजक : डॉ. अमिता सहगल
कार्यक्रम : हमारा स्वभाव ही पहचान है
वक्ता : डॉ. देवजानी मुखर्जी
प्रतिभागी संख्या : 60 आयोजन तिथि : 16.12.2016
उद्देश्य : ''व्यक्तित्व विकास एवं सकारात्मक विचार''

## निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में मनोविज्ञान विभाग के तत्वाधान में ''व्यक्तित्व विकास एवं सकारात्मक विचार'' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ0 देवजानी मुखर्जी थी।

अपने उद्बोधन में उन्होनें व्यक्तित्व विकास के मनोवैज्ञानिक पहलुओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होनें कहा कि हमारा स्वभाव ही हमारी पहचान को बतलाता है। यदि हम सकारात्मक सोच रखेंगे तो इसका असर हमारे व्यवहार और कार्यक्षमता पर पड़ता है। डॉ0 मुखर्जी ने सकारात्मक विचारों का विश्लेषण करते हुए बताया कि जीवन में सकारात्मकता का बहुत महत्व है।


इससे हमारे व्यक्तित्व का विकास होता ही है बल्कि हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ता है, जिसके सहारे बड़ी से बड़ी समस्याओं का निराकरण करने में सक्षम होते है।

डॉ0 मुखर्जी जी ने मनोविज्ञान के विद्यार्थियों को शोध पद्धतियों पर भी प्रयोग कराए तथा प्रश्नावली के संबंध में जानकरी दी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में मनोविज्ञान की बड़ी भूमिका है हमारे मन की बात कितनी सकारात्मक है और हम अपने व्यवहार से समाज के प्रति कितना दायित्व निर्वहन कर रहे है इसका आत्म आंकलन भी किया जाना आवश्यक है।

उन्होनें सकारात्मक विचारों पर आधारित कार्यशाला को बहुउपयोगी बताया।

कार्यक्रम में आई0क्यू0ए0सी0 की संयोजक डॉ0 अमिता सहगल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 तृप्तिबाला अनुरागी ने किया।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2016–17

| | | | |
|---|---|---|---|
| समिति : | वाणिज्य विभाग | संयोजक : | डॉ. के. एल. राठी |
| कार्यक्रम : | विधिक सहायता शिविर का आयोजन | | |
| वक्ता : | मजिस्ट्रेट सुश्री तनुश्री गवेल एवं चेतना ठाकुर | | |
| प्रतिभागी संख्या : | 60 | आयोजन तिथि : | 16.12.2016 |
| उद्देश्य : | छात्राओं को महिलाओं के लिए षासन द्वारा बनाए गए कानून एवं उनकी उपयोगिता को समझाना | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में विद्यार्थियों को विधि संबंधी जानकारी देने ''विधिक सहायता शिविर'' का आयोजन किया गया।

जिला न्यायालय की प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट सुश्री तनुश्री गवेल एवं सुश्री चेतना ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि जागरूकता के लिए सम–सामयिक विषयों पर शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यशालाएँ आयोजित की जाती है जिससे युवा पीढ़ी प्रशिक्षित हो तथा समाज में इसका प्रचार–प्रसार हो सके। विधिक जानकारी के अभाव में भी हमें कई बार मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस शिविर के माध्यम से महिलाओं के लिए शासन द्वारा कितने कानून बनाए गए है तथा उनका उपयोगिता के संबंध में जानकारी उपलब्ध होगीं जो छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण है।

मुख्य वक्ता सुश्री तनुश्री गवेल ने अपने उद्बोधन में सायबर क्राइम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होनें वाट्सअप के उपयोग पर सावधानी बरतने की सलाह दी। मोटर व्हीकल एक्ट की चर्चा करते हुए उन्होनें दुर्घटना के वक्त होने वाली विभिन्न कठिनाईयों की चर्चा करते हुए कानूनों की जानकारी दी। सुश्री गवेल ने बीमा को महत्वपूर्ण बताते हुए अनिवार्यतः वाहन का बीमा कराये जाने को आवश्यक बताया।

मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर ने छेड़छाड़ एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न धाराओं का जिक्र किया। महिलाओं से संबंधित अपराधों में पुलिस, वकील एवं अपराधी की भूमिका की विस्तार से चर्चा करते हुए जागरूकता की आवश्यकता बतायी तथा कहा कि हम विधिक जानकारी के आभाव में कई बार परेशानी में पड़ जाते है या गुमराह हो जाते है।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने भी विधिक संबंधी जानकारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. के. एल. राठी ने किया। इस अवसर पर छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थी।







Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2016–17

| | | |
|---|---|---|
| समिति | : | आई.क्यू.ए.सी. संयोजक : डॉ. ऋचा ठाकुर |
| कार्यक्रम | : | वित्तीय साक्षरता अभियान पर कार्यशाला का आयोजन |
| वक्ता | : | अविनाश मिश्रा, डी. जी. साहू एवं श्री नीरज श्रीवास्तव |
| प्रतिभागी संख्या | : | 60 आयोजन तिथि : 17.12.2016 |
| उद्देश्य | : | छात्राओं मे वित्तीय साक्षरता के लिए जागरूकता बढ़ाना |

## निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में मानव संसाधन विकास मंत्रालय निर्देशानुसार "वित्तीय साक्षरता अभियान (विसाका) के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापकों की एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारीगण शामिल हुए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विसाका के अन्तर्गत 12 जनवरी तक युवा वालिंटियर्स का पंजीयन भारत सरकार की वेबसाईट में कराया जावेगा। दिसंबर माह में उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत लगभग 50,000 युवा वालिंटियर्स के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है।

डॉ. तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा समीपस्थ गोद ग्राम महमरा को केशलेस बनाने का प्रयास किया जावेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना तथा महाविद्यालय की छात्राओं के वालिंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जावेगा और वे 10–10 परिवारों को केशलेस भुगतान के बारे में प्रशिक्षित करेंगे।

भारतीय स्टेट बैंक के डिविजनल सेल्स मैनेजर अविनाश मिश्रा ने बताया कि भारत में साक्षरता का प्रतिशत बढ़ा है, किंतु वित्तीय साक्षरता के लिए हमें जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होनें कहा कि डिजीटल भुगतान के माध्यम से उपभोक्ता का फोन ही उनका बैंक और वॉलेट बन जाता है। तत्काल अंतरण के लिए भी कई विकल्प मौजूद है।

स्टेट बैंक के डी. जी. साहू ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कैशलेस प्रणाली की सविस्तार चर्चा की तथा ऑनलाईन प्रशिक्षण भी दिया। श्री साहू ने बताया कि फोन के माध्यम से डिजीटल भुगतान कर सकते हैं, कैश ट्रांसफर किया जा सकता है। खरीददारी, ट्रेन का रिर्जेवेशन, फोन रिचार्ज तथा अनेक बिलों का भुगतान किया जा सकता है।

भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी श्री नीरज श्रीवास्तव ने बैंक द्वारा महिलाओं के लिए प्रारंभ की जा रही नयी योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा विस्तार से चर्चा की।

आई.क्यू.एस.सी. की संयोजक डॉ. अमिता सहगल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल एवं डॉ. मीरा गुप्ता ने भी कार्यशाला में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. के. एल. राठी ने किया।





Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2017–18

समिति : आई.क्यू.ए.सी. संयोजक : डॉ. ऋचा ठाकुर
कार्यक्रम : "महिलाओं के विधिक अधिकार" पर व्याख्यान
वक्ता : श्री ज्योतिन्द्रनाथ ठाकुर
प्रतिभागी संख्या : 160 आयोजन तिथि : 10.11.2017
उद्देश्य : महिलाओं के विधिक अधिकारों की जानकारी देना

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के वुमेन सेल द्वारा विधिक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय कानून एवं महिलाओं के न्यायिक अधिकार पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता श्री ज्योतिन्द्रनाथ ठाकुर (सहायक महप्रबन्धक) भिलाई इस्पात संयंत्र थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी जी ने बताया कि, 'राष्ट्रीय महिला आयोग' द्वारा महिलाओं के विधिक अधिकारों पर राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं हेतु इस संबंधी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। छात्राओं को अपने विधिक अधिकारों की जानकारी के लिये इस व्याख्यान को रखा गया है। उन्होनें कहा कि अपने अधिकार और कर्त्तव्य दोनों के प्रति सजगता आवश्यक है।

अतिथि वक्ता श्री ज्योतिन्द्रनाथ ठाकुर ने छात्राओं के सर्वप्रथम भारतीय लोकतंत्र प्रणाली, नीति, मूल अधिकारों के विषय में बताया। महिलाओं के विधि अधिकारों के अंतर्गत दहेज उन्मूलन घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर शोषण, नवजात बच्चों की देखभाल हेतु मिलने वाली सुविधा आदि का विस्तृत वर्णन करते हुये उनसे संबंधित एक्ट का भी उल्लेख किया। श्री ठाकुन ने कहा कि कानून सर्वोपरि है और उसकी दृष्टि में सब एक समान है। पावर पांइट के द्वारा प्रस्तुति के साथ ही उन्होनें छात्राओं की शंका का भी समाधान किया। छात्रसंघ अध्यक्ष सुमन कुशवाहा ने कहा कि इस व्याख्यान से छात्राओं को अपने न्यायिक अधिकारों का विस्तार से पता चला। जेण्डर चैम्पियन रूचि शर्मा ने कहा इस जानकारी से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा निर्देशित परीक्षा में लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी.अग्रवाल ने किया।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2017–18

समिति : प्रदर्शनात्मक कला संयोजक : डॉ. ऋचा ठाकुर
कार्यक्रम : "कला से ही व्यक्ति का सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्मित होता है"
वक्ता : डॉ. माण्डवी सिंह
प्रतिभागी संख्या : 150 आयोजन तिथि : 04.12.2017
उद्देश्य : लोक कलाओं की उपयोगिता एवं महत्ता पर प्रकाश डालना
निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में चित्रकला पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आदि–रंग का उद्घाटन सम्पन्न हुआ।

कार्यशाला की मुख्य अतिथि डॉ. माण्डवी सिंह, कुलपति, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ ने लोक कलाओं को प्रोत्साहन देने एवं युवा पीढ़ी को अपना परंपरागत चित्र शैली से रू–ब–रू कराने के इस सार्थक कार्यशाला के आयोजन पर महाविद्यालय को बधाई दी। उन्होनें कहा कि – कलाएँ व्यक्ति को सम्पूर्णता प्रदान करती है। रज़ा फाण्डेशन एवं कन्या महाविद्यालय ने देश के विभिन कोनों से लोक कलाकारों को आमंत्रित कर छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों में लोक कलाओं के प्रति अनुराग उत्पन्न करने हेतु यह विशिष्ट मंच प्रदान किया है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव ने लोक कलाओं के माध्यम से प्राकृतिक जुड़ाव के पक्ष को रेखांकित किया। उन्होनें कहा कि बस्तर में जनजाति कला का अद्भूत नजारा देखने को मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कार्यशाला की उपयोगिता एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनजाति कला से छात्राओं को परिचित कराना तथा राष्ट्रीय स्तर के चित्रकारों के सानिध्य में प्रशिक्षण प्राप्त करना अविस्मरणीय अनुभव है। जिसका लाभ महाविद्यालय की छात्राओं को रज़ा फाउण्डेशन के माध्यम से मिल रहा है। कार्यक्रम के संयोजक श्री योगेन्द्र त्रिपाठी ने विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों की कलाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए लोक कलाओं को जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण बताया। आमंत्रित कलाकारों में भील पेंटिंग के रमेश बरिया गोंड पेंटिंग के मंगरू एवं राधेश्याम, पिथौरा पेंटिंग के हरिसिंह एवं राकेश राठवा, गोदना की सूफियानो बाई, गुजराती कलमकारी के जगदीश चितारा तथा मुधबनी के श्रवण कुमार शामिल है। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी ने किया। कार्यशाला में दुर्ग जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने भी प्रतिभागिता की।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

# अकादमिक वर्ष : 2018–19

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समिति | : | वाणिज्य विभाग | संयोजक : | डॉ. अनिल जैन |
| कार्यक्रम | : | सायबर सुरक्षा पर सेमीनार | | |
| वक्ता | : | अजीत सिंह | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 81 | आयोजन तिथि : | 01.08.2018 |
| उद्देश्य | : | सोशल मीडिया के दुरूपयोग से सावधान रहने की जानकारी | | |

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में सायबर सुरक्षा पर सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बताया गया कि इन्टरनेट एवं मोबाईल के बढ़ते उपयोग के कारण जानकारी के अभाव में अपराध एवं ठगी की घटनाएँ हो रही है। इससे बचने इंटरनेट एवं मोबाईल का उपयोग कैसे किया जाए तथा सोशल मीडिया के दुरूपयोग से सावधान रहने विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

ज्ञानम ग्रुप दुर्ग के अजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि फोटो के गलत उपयोग एवं हैकिंग की घटनाएँ बढ़ रही है। इनसे सतर्क एवं सावधान रहने के लिए जानकारी जरूरी है। उन्होनें सायबर क्राइम की विभिन्न धाराओं एवं सजा की विस्तृत जानकारी छात्राओं की दी। उन्होने बताया कि फोटो हैकिंग के प्रकरण में लिंक को कॉपी पेस्ट कर इसकी शिकायत सायबर सेल में दर्ज करायी जानी चाहिए। कभी भी मोबाईल में पासवर्ड सेट न करें। विशेषज्ञों ने बताया कि सोशल मीडिया में कमेंट्स पोस्ट एवं फारवर्ड करने में सर्तकता बरते वरना परेशानी में पड़ सकते है। उन्होनें बताया कि इंटरनेट का उपयोग हम अपने कॅरियर को बनाने में करें तथा हमेशा सावधानी बरतें। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के.एल. राठी तथा प्राध्यापक डॉ. वासनिक, डॉ. शशि कश्यप, नेहा यादव, कु. किरण वर्मा तथा छात्राएँ उपस्थित थे।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2018–19

| | | |
|---|---|---|
| समिति | : | वाणिज्य विभाग संयोजक : डॉ. के. एल. राठी |
| कार्यक्रम | : | वाणिज्य में माइक्रोटीचिंग की शुरूआत |
| वक्ता | : | डॉ. अनिल जैन एवं डॉ. शशि कश्यप |
| प्रतिभागी संख्या | : | 80 आयोजन तिथि : 17.11.2018 |
| उद्देश्य | : | विषय–वस्तु एवं संप्रेषण की बारिकियों से अवगत कराना |

## निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में अध्यापन कौशल के अंतर्गत एक ओर नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है वहीं नवाचार के प्रयोग से अध्ययन–अध्यापन में उत्साहवर्धक परिणाम मिले है। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने बताया कि नवाचार के तहत वाणिज्य में 'माइक्रोटीचिंग' की योजना बनाई गयी जिसके तहत स्नातकोत्तर कक्षा की छात्राओं द्वारा स्नातक स्तर पर छात्राओं को अध्यापन कर विषय की जानकारी दे रही है। इससे यह लाभ हुआ कि छात्राएँ बड़ी सहजता से बिना संकोच के अपनी वरिष्ठ छात्राओं से विषय–वस्तु पर प्रश्नोत्तर कर लाभ उठा रही है। वाणिज्य संकाय की प्राध्यापक डॉ. शशि कश्यप कहती है कि छात्राओं में अध्यापन कला विकसित करने के कई लाभ है, छात्राओं को परीक्षा की दृष्टि से तैय्यारी भी हो जाती है वहीं वे घर पर ट्यूशन कर आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकती है। छात्राओं को विभाग के शिक्षकों ने अध्यापन कला के लिए बकायदा प्रशिक्षण दिया और विद्यार्थी के मनोविज्ञान की जानकारी देते हुए विषय–वस्तु को प्रस्तुत करने एवं संप्रेषण की बारिकियों से अवगत कराया।

सप्ताह में कुछ कालखंड माइक्रोटीचिंग के लिए आबंटित किए गए है। इस सप्ताह इसके अंतर्गत एम.कॉम. की छात्राओं ने कंपनी अधिनियम, प्रबंधकीय लेखांकन के विषयों पर बी.कॉम. की छात्राओं को पढ़ाया। एम.कॉम. की कु. दिशा जैन ने कंपनी का समापन पर प्रकाश डाला और विधिगत नियमों पर व्याख्यान दिया। कु. डिम्पल ने पार्षद सीमानियम एवं परिवर्तन पर तो कु. खुशबू ने पार्षद अन्तर्नियम को पढ़ाया। कु. ईषा वर्मा ने अनुपात विश्लेषण को रोचक ढंग से छात्राओं को समझाया। विभाग ने माइक्रोटीचिंग की समय सारणी घोषित कर दी है जिसमें आगामी सप्ताह के विषयों की जानकारी दी गई है। विभाग के प्राध्यापक इस दौरान कक्षा में उपस्थित रहकर अवलोकन करते है और उसी के अनुरूप मार्गदर्शन देते है। महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. की संयोजक डॉ. अमिता सहगल एवं प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने वाणिज्य विभाग की इस पहल की प्रशंसा की है। वाणिज्य के प्राध्यापक डॉ. के.एल. राठी, डॉ. व्ही.के.वासनिक, कु. नेहा यादव, कु. किरण वर्मा निरंतर छात्राओं को इसके लिए प्रोत्साहित करती है एवं दिशा–निर्देश देते रहे है।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2018–19

समिति : गृहविज्ञान विभाग संयोजक : डॉ. रेशमा लाकेश
कार्यक्रम : गृहसज्जा कला प्रदर्शनी आयोजित
वक्ता : डॉ. रेशमा लाकेश
प्रतिभागी संख्या : 80 आयोजन तिथि : 19.01.2019
उद्देश्य : स्वरोजगार को बढ़ावा देना

**निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :**

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में गृहविज्ञान विभाग के तत्वाधान में गृहसज्जा उपयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी आयोजित की गयी।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि गृहविज्ञान विभाग की छात्राएं नियमित रूप से प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत गृह उपयोगी वस्तुएं बनाना सिखती है। आज छात्राओं द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी सह विक्रय आयोजित की गयी जिसका अच्छा प्रतिसाद मिला।

छात्राओं द्वारा निर्मित वस्तुओं में पैरदान, टेबलक्लाथ, पर्स, वॉल हैंगिंग, फोटोफ्रेम, खिलौने, पेन्टिंग, पेपर बैग की सुन्दर कलाकृतियाँ रखी गई थी। प्रदर्शनी में खाद्य सामाग्रियों में आचार, बड़ी, मुरब्बा, जैम, जैली, चॉकलेट के स्टॉल आकर्षण के केन्द्र थे। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित मिट्टी के बर्तनों का भी स्टॉल लगाया गया था। जिसमें मिट्टी के तवा, कढ़ाई, पानी बॉटल, कप–प्लेट आदि विक्रय के लिये उपलब्ध थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने प्रदर्शनी की सराहना की एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# अकादमिक वर्ष : 2018–19

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| समिति | : | गृहविज्ञान विभाग | संयोजक | : | डॉ. रेशमा लाकेश |
| कार्यक्रम | : | 'बोनसाई' कला पर कार्यशाला | | | |
| वक्ता | : | अभय खनन एवं श्रीमती तृप्ति खनन | | | |
| प्रतिभागी संख्या | : | 70 | आयोजन तिथि | : | 15.04.2019 |
| उद्देश्य | : | लेंड स्केपिंग एवं टेरेस गार्डनिंग का प्रषिक्षण | | | |


## निष्कर्ष एवं प्रतिवेदन :

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में गृहविज्ञान के तत्वाधान में बोनसाई कला पर कार्यशाला आयोजित की गयी। गृहविज्ञान की स्नातकोत्तर कक्षाओं के पाठ्यक्रम के अनुरूप बोनसाई कला, लेंड स्केपिंग और टेरेस गार्डनिंग पर रोचक और ज्ञानवर्धक आयोजन हुआ। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि भिलाई के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विशेषज्ञ अभय खनन एवं श्रीमती तृप्ति खनन के द्वारा छात्राओं को इस विषय पर सारगर्भित जानकारी दी गयी तथा प्रायोगिक रूप से बोनसाई तैयार करना सिखाया। श्री अभय जी ने बताया कि उथले पात्रों में पेड़ों को विकसति करने की कला बोनसाई है। इसमें पौधे की जड़ों एवं उपरी हिस्से की कटिंग की जाती है। मिट्टी के उथले पात्र सबसे ज्यादा उपयुक्त होते है।

इन पात्रों में काली मिट्टी, ईंट के टुकड़े, वर्मी कपोस्ट खाद, मोटी रेत, कोको चूरा लिया जाता है। उन्होनें पौधे को लेकर उससे बोनसाई तैयार कर सिखाया। उन्होनें बताया कि तैयार पौधे को 15–20 दिन छांव में रखना है तथा साल में एक बार इसकी मिट्टी बदलना एवं जड़ों की कटिंग की जाती है।

पीपल, बरगद जैसे पौधों के बोनसाई रूप काफी आकर्षक लगते है। अभय खननग ने बोनसाई संग्रहण की प्रदर्शनी भी लगाई जिसे सभी ने बहुत सराहा। 30–40 वर्षो के बोनसाई पौधे आकर्षण का केन्द्र रहे।

कार्यशाला में लेंड स्केपिंग एवं टेरेस गार्डनिंग पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी तथा प्राध्यापक एवं छात्राएँ उपस्थित थे।




Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G.College, Durg